रजिस्ट्री सं. डी.--(डी. एन.)--73

REGISTERED NO. D - (DN)--73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 12] नई दिल्ली, शनिवार, मार्च 22, 1986 (चैत्र 1, 1908)

No. 12] NEW DELHI, SATURDAY, MARCH 22, 1986 (CHIATRA 1, 1908)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय सूची

	पृष्ठ
भाग I--खण्ड-1--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं . .	251
भाग I--खण्ड-2--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	339
भाग I--खण्ड 3--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गये संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	—
भाग I--खण्ड 4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	341
भाग II--खण्ड 1--अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II--खण्ड 1क--अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ . .	*
भाग II--खण्ड 2--विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट . .	*
भाग II--खंड 3--उप-खंड (i)--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II--खण्ड 3--उप-खण्ड (ii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II--खण्ड 3--उप-खंड (iii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं) . . .	*
भाग II--खंड 4--रक्षा मंत्रालय द्वारा किए गए सांविधिक नियम और आदेश . . .	*
भाग III--खंड 1--उच्चतम न्यायालय, महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेलवे प्रशासनों, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं . .	10783
भाग III--खंड 2--पेटेन्ट कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं और नोटिस . .	205
भाग III--खण्ड 3--मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं .	—
भाग III--खण्ड 4--विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं . .	265
भाग IV--गैर-सरकारी व्यक्ति और गैर-सरकारी निकायों द्वारा विज्ञापन और नोटिस . .	47
भाग V--अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़े को दिखाने वाला अनुपूरक	*

*पृष्ठ संख्या प्राप्त नहीं हुई ।

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) ..	251
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)	339
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4—Notification regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	341
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative text in the Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, by-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India, (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) ..	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administrations of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence ..	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the Supreme Court, Auditor General, Union Public Service Commission, Railways Administrations. High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	10783
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta ..	205
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	—
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	265
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	47
PART V—Supplement showing statistics of Birth and Deaths etc. both in English and Hindi ..	*

*Folio Nos. not received

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 6 मार्च, 1986

सं० 23-प्रेज/86—राष्ट्रपति उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री जयकरण सिंह,
पुलिस उप निरीक्षक,
इटावा (उत्तर प्रदेश)।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

27 फरवरी, 1983, को गांव बेला की घाटियों में एक अपहृत बच्चे के साथ डाकू बाबू के गिरोह की उपस्थिति के बारे में सूचना प्राप्त हुई। श्री जयकरण सिंह, पुलिस उप निरीक्षक, ने 3 अन्य उप निरीक्षकों, पी० ए० सी० के एक कम्पनी कमांडर, 8 कांस्टेबलों और पी० ए० सी० के जवानों के $1\frac{1}{2}$ सेक्शन के समिति बल के साथ गिरोह को गिरफ्तार करने का निर्णय किया। उन्होंने अलग-अलग तीन दिशाओं से घेरने के लिए बल को तीन दलों में बांट दिया। वे पहले दल के प्रभारी थे। इस दल को मुखबिर उस स्थान पर ले गया, जहां गिरोह विश्राम कर रहा था। श्री जयकरण सिंह रेंगकर गये और उन्होंने देखा कि गिरोह नीचे भूमि पर विश्राम कर रहा है। उन्होंने चुपके से अपने दल को एकत्र किया और खुद एक ऊंचे टीले पर मोर्चा लगाया जहां से वे गिरोह को देख सकते थे। उन्होंने गिरोह को पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी। इसके विपरीत डाकुओं ने उनकी ओर गोलियां चलाईं लेकिन गोलियां उनके नहीं लगीं और वे बच गए। वे तुरन्त टीले की चोटी पर चढ़ गए और डाकुओं पर गोली चलाई। पुलिस दल और डाकुओं के बीच मुश्किल से 35 गज की दूरी थी। श्री जयकरण सिंह ने अन्य पुलिस दलों को भी संकेत दिया। दूसरे दल के नेता ने संकेत पर कार्रवाई की और उत्तर की ओर से गिरोह पर गोली चलानी शुरू कर दी जबकि पहले दल ने पूर्ण और उत्तर पूर्व की ओर से उन्हें घेरे रखा। तीसरे दल ने पश्चिम की ओर से गिरोह पर गोली चलाई। पुलिस दलों और डाकुओं के गिरोह के बीच भीषण रूप से गोली चलाई गई। $1\frac{1}{2}$ घण्टे लगातार गोलाबारी हुई। सवेरे और अधिक प्रकाश हो गया था। पुलिस दल को एक नाले से चीखें सुनाई दीं। यह अपहृत बच्चा था जो पुलिस दल को गोलाबारी रोकने के लिए चिल्ला कर कह रहा था क्योंकि गिरोह के सभी 7 सदस्यों को गोलियां लग चुकी थीं और मारे गए थे। इस प्रकार बाबू डाकू का समस्त गिरोह समाप्त हो गया था। अपहृत बच्चे को भी पुलिस ने बचा लिया। घटना-स्थल से कारखाने में बनी तीन बन्दूकें, .315 बोर की तीन राइफलें और एक सी० एम०, .12 बोर गन तथा 75 चले हुए कारतूस और 20 रौंद बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में, श्री जयकरण सिंह, पुलिस उप निरीक्षक, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 27 फरवरी 1983 से दिया जाएगा।

सं० 24-प्रेज/86—राष्ट्रपति तमिल नाडु पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री वाल्टर इसाक् देवाराम,
पुलिस उप महा-निरीक्षक।

श्री आर० एन० पुरुषोत्तमन,
पुलिस निरीक्षक।

श्री के० एन० सुधाकरण,
पुलिस उप निरीक्षक।

श्री एस० पन्नीरसेल्वम,
पुलिस उप निरीक्षक।

श्री अशोक कुमार,
पुलिस उप निरीक्षक।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

23 अगस्त, 1981 को सूचना मिली कि असामाजिक तत्वों का एक सशस्त्र गिरोह जो विभिन्न अपराधों के लिए जिम्मेदार था, उत्तरी आर्कोट जिले के नायकनेरी की पहाड़ियों में देखा गया है। श्री वाल्टर इसाक् देवाराम, पुलिस उप-महानिरीक्षक एक पुलिस दल के साथ जिसमें एक निरीक्षक, तीन उप निरीक्षक, छः कान्स्टेबल तथा 2 लांस नायक थे, घटना स्थल की ओर रवाना हुए। जब पुलिस की जीपें अम्बूर से 23.5 कि० मी० दूर थीं, श्री देवाराम ने देखा कि सड़क बड़े-बड़े पत्थर रख कर बन्द की गयी है। उन्हें गड़बड़ी का अन्देशा हुआ और उन्होंने जीप में सवार जवानों को नीचे कूदने और आड़ में होने का आदेश दिया। जैसे ही, पुलिस दल रुका, आगे वाली जीप पर गोलियों की भारी बौछार होने लगी। रात के घोर अंधेरे के कारण गिरोह की स्थिति और संख्या का अन्दाजा लगाना सम्भव नहीं था। फिर भी, आक्रमणकारियों की बन्दूकों से चली गोलियों की चमक का लाभ उठाते हुए, उन्होंने मोटे तौर पर स्थिति का जायजा लिया और निरीक्षक आर० एन० पुरुषोत्तमन तथा उप-निरीक्षक एस० पन्नीरसेल्वम तथा के० एन० सुधाकरन को मोर्चा सम्भालने और आक्रमणकारियों पर गोली चलाते रहने का निदेश दिया ताकि वे बचकर घात के स्थान के बायीं ओर न भाग सकें। उन्होंने स्वयं दायें किनारे पर स्थिति सम्भाली, उनके पीछे उप-निरीक्षक अशोक कुमार थे। गोली चलाने के अतिरिक्त, आक्रमणकारियों ने पत्थरों से खड़ी की गयी रुकावट के पीछे से देसी बम भी फैंके। बन्दूकों की लड़ाई लगभग आधे घण्टे तक चली। परन्तु आक्रमणकारी गोली-बारी के दौरान तीन मृत साथियों को छोड़कर भाग गए। पुलिस दल एक विदेशी अर्द्ध स्वचालित पिस्तौल, एक एस० बी० बी० एल० बन्दूक तथा एक एस० बी० एम० एल० बन्दूक, दो अन्य बन्दूकें, बहुत से खाली खोल, काफी मात्रा में बारूद तथा कारतूस अपने कब्जे में लेने में सफल हुआ।

इस मुठभेड़ में, श्री वाल्टर इसाक् देवाराम, पुलिस उपमहा-निरीक्षक श्री आर० एन० पुरुषोत्तमन, पुलिस निरीक्षक, श्री के० एन० सुधाकरण, उप-निरीक्षक, श्री एस० पन्नीरसेल्वम, उप निरीक्षक तथा श्री अशोक कुमार, उप निरीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्य परायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 23 अगस्त, 1981 से दिया जाएगा।

दिनांक 26 जनवरी 1986

सं० 25 प्रेज/86 - राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को उनकी अति असाधारण विशिष्ट सेवा के उपलक्ष्य में "परम विशिष्ट सेवा मैडल" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :-

1. लेफ्टिनेंट जनरल अशोक कुमार हांडू (आई० सी०-4502), इन्फेन्ट्री
2. लेफ्टिनेंट जनरल कुलभूषण मेहता (आई० सी०-4509), इन्फेन्ट्री
3. लेफ्टिनेंट जनरल प्रेम नाथ हूण (आई० सी०-4591), अ० वि० से० मे०, से० मे०, इन्फेन्ट्री
4. लेफ्टिनेंट जनरल परमूल इरशा मेनन (आई० सी०-4831), आर्टिलरी
5. लेफ्टिनेंट जनरल जगेश्वर नाथ सिंह (आई० सी०-4518), आर्मी सर्विस कोर
6. लेफ्टिनेंट जनरल सुशील कुमार (आई० सी०-4012), विद्युत एवं यांत्रिक इंजीनियर्स
7. लेफ्टिनेंट जनरल रत्न कुमार धवन (आई० सी०-3968), इंजीनियर्स
8. लेफ्टिनेंट जनरल जितन्दर सूद (आई० सी०-4116), आर्टीलरी
9. लेफ्टिनेंट जनरल विश्व नाथ शर्मा (आई० सी०-4769), अ० वि० से० मे०, कवचित कोर
10. लेफ्टिनेंट जनरल भारत भूषण सहगल (आई० सी०-5304), इन्फेन्ट्री
11. वाइस एडमिरल गुलाब मोहनलाल हीरानन्दानी, अ० वि० से० मे०, नौ० से० मे० (00123आर)
12. वाइस एडमिरल सुशरूप जैन अ० वि० से० मे०, नौ से० मे० (00130 डब्ल्यू)
13. वाइस एडमिरल लक्ष्मीपत राय मेहता, अ० वि० से० मे० (50011 के)
14. एयर मार्शल प्रद्युम्न मोहन्ती, अ० वि० से० मे० (3867) उड़ान (पायलट)
15. एयर मार्शल वीर नारायण (4007), उड़ान (नेविगेटर)
16. एयर मार्शल मन मोहन सिंह, अ० वि० से० मे०, वीर चक्र (4023), उड़ान (पायलट)
17. एयर मार्शल कुलदीप सिंह भाटिया, अ० वि० से० मे० और बार (4139) वैमानिक इंजीनियर (इलेक्ट्रोनिक्स)
18. मेजर जनरल कृष्ण कुमार सूदन (आई० सी०-5144), आर्टिलरी
19. मेजर जनरल करतार सिंह गिल (आई० सी०-5956), आर्टिलरी
20. मेजर जनरल एंथनी कॉर्नेलियस डिमल्वा (आई० सी०-5993), आर्टिलरी
21. मेजर जनरल शिव कुमार शर्मा (आई० सी०-6416), इन्फेन्ट्री
22. मेजर जनरल बचित्तर सिंह (आई० सी०-5113), इन्फेन्ट्री
23. मेजर जनरल योगेन्द्र सिंह तोमर (आई० सी०-6615), इन्फेन्ट्री
24. मेजर जनरल सत्यपाल सेठी (आई० सी० 5321), अ० वि० से० मे०, सिगनल्स
25. मेजर जनरल विजय कुमार सूद (आई० सी०-6636), अ० वि० से० मे०, इन्फेन्ट्री
26. मेजर जनरल प्रभाकर काशीनाथ जांगलेकर (आई० सी०-5343) सिगनल्स
27. मेजर जनरल सुरिन्दर कुमार (आई० सी०-6631), सेना सेवा कोर,
28. मेजर जनरल हरभजन सिंह (एम० आर०-783), सेना चिकित्सा कोर
29. एयर वाइस मार्शल छोटे लाल गुप्ता (5027), लेखा

सं० 26-प्रेज/86 - राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को उनकी असाधारण विशिष्ट सेवा के उपलक्ष्य में "अति विशिष्ट सेवा मैडल" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :-

1. मेजर जनरल श्री प्रकाशमणि त्रिपाठी (आई० सी० 7 19), कवचित कोर
2. मेजर जनरल नागप्पा सुब्बा राव (आई० सी०-7240), विद्युत एवं यांत्रिक इंजीनियर्स
3. मेजर जनरल मनमोहन राय (आई० सी०-6114), इंजीनियरी
4. मेजर जनरल कन्हैया लाल मणिशंकर उपाध्याय (आई० सी०-6019), सिगनल्स
5. मेजर जनरल सुरिन्दर कुमार आनन्द (टी० सी०-312 2), ए० पी० एस० सी०
6. मेजर जनरल माधवन नायर केशवन नायर (आई० सी० 508), विद्युत एवं यांत्रिक इंजीनियर्स
7. मेजर जनरल मोहम्मद अहमद जाकी (आई० सी० 76 3), वीर चक्र, मराठा लाइट इन्फैन्ट्री
8. मेजर जनरल धीरेन्द्र दत्त सकलानी (आई० सी० 7 79), इन्फैन्ट्री
9. मेजर जनरल राजिन्दर सिंह चौधरी (आई० सी० 51), इंटेलिजेंस कोर (सेवा निवृत्त)
10. रियर एडमिरल जगत नारायण शुकुल (50027 वाई
11. रियर एडमिरल रण विजय सिंह (00158 एच)
12. रियर एडमिरल अरुण औदित्तो, नौ० से० मे० (00176 जेड)
13. एयर वाइस मार्शल गुरशरण सिंह, वा० से० मे०, वि० से० मे० (4233), वैमानिक इंजीनियर (यांत्रिक)
14. एयर वाइस मार्शल पटाथिल वेणुगोपाल (4431) उड़ान (पायलट)
15. एयर वाइस मार्शल दीदार सिंह सभरवाल (4393) उड़ान (नेविगेटर)
16. एयर वाइस मार्शल गिरीश कृष्णलाल देसाई (4468) संभारिकी
17. एयर वाइस मार्शल श्रीधर लक्ष्मीनारायणन (5565) मौसम विज्ञान (सेवानिवृत्त)
18. ब्रिगेडियर शान्तनु कुमार डे (आई० सी० 6106), कवचित कोर
19. ब्रिगेडियर कृष्ण कुमार मल्होत्रा (आई० सी० 7086), इंजीनियरी
20. ब्रिगेडियर दयानन्द खुराना (आई० सी० 7027), सिगनल्स
21. ब्रिगेडियर संतोष गोपाल मुकर्जी (आई० सी० 7017), वि० से० मे०, सिगनल्स
22. ब्रिगेडियर बालकृष्ण गुनाटा (आई० सी०-7811), आर्टिलरी
23. ब्रिगेडियर श्रीकृष्ण विश्वम्भर गणेशपांडे (आई० सी० 7899) वि० से० मे०, इन्फैन्ट्री
24. ब्रिगेडियर हरीश कुमार कपूर (आई० सी० 8236), आर्टिलरी
25. ब्रिगेडियर राजेन्द्र पाल सिंह (आई० सी० 8114), वि० से० मे०, इन्फैन्ट्री
26. ब्रिगेडियर गुरदीप सिंह (आई० सी० 8593), इन्फैन्ट्री
27. ब्रिगेडियर रणबीर सिंह (आई० सी० 8621), वीर चक्र, इन्फैन्ट्री
28. ब्रिगेडियर कटनकोट्ट चन्द्रशेखरन (आई० सी० 1172), इंजीनियरी
29. ब्रिगेडियर सतिन्दर कुमार पुरी (आई० सी० 101 3), इन्फैन्ट्री
30. ब्रिगेडियर जवाहरलाल मल्होत्रा (आई० सी०-101), वि० से० मे०, मेकनाइज्ड इन्फैन्ट्री
31. ब्रिगेडियर नवीन कंवल सैनी (आई० सी० 101 2), इन्फैन्ट्री
32. ब्रिगेडियर प्रबोध चन्द्र पुरी (आई० सी० 10441), वि० से० मे०, इन्फैन्ट्री
33. ब्रिगेडियर वेद प्रकाश मलिक (आई० सी० 11537), इन्फैन्ट्री
34. ब्रिगेडियर अवतार सिंह बैंस (आई० सी०-11688), इन्फैन्ट्री

35. ब्रिगेडियर नरेन्द्र कुमार कपूर (आई० सी०-11530), इन्फैन्ट्री

36. ब्रिगेडियर सतीश चन्द्र कश्यप (आई० सी०-11691), इन्फैन्ट्री

37. ब्रिगेडियर वीरेन्द्र कुमार छिब्बर (आई० सी०-11901), वि० से० मे०, इन्फैन्ट्री

38. ब्रिगेडियर मरमना परमेश्वरन गोविन्दन कुट्टि मेनन (आई० सी०-1 21009), जज एडवोकेट जनरल का विभाग

39. ब्रिगेडियर त्रिलोचन सिंह चौधरी (आई० सी०-8208), सिगनल्स

40. ब्रिगेडियर मनजीत सिंह साहनी (आई० सी०-12188), कवचित कोर

41. ब्रिगेडियर यशवन्त राय सचदेव (एम० आर०-873), सेना चिकित्सा कोर

42. कमोडोर भारत भूषण, नौ० से० मे० (40069 आर)

43. कमोडोर सुदर्शन कुमार चांद (00316 टी०)

44. कमोडोर विष्णु भगवत (00387 बी)

45. कमोडोर पृथ्वी राज सिंह (70037 ज्येड)

46. एयर कमोडोर डेंजिल कीलॉर, कीर्ति चक्र, वीर चक्र (4805) उड़ान (पायलट)

47. एयर कमोडोर सुरजीत सिंह मल्होत्रा, वा० से० मे० (4831) उड़ान (पायलट)

48. एयर कमोडोर उत्तम खुशलानी (4959) वैमानिक इंजीनियरी (यांत्रिक)

49. एयर कमोडोर रणवीर कुमार (5264) लेखा

50. कर्नल भूपिन्दर जीत सिंह ओबराय (आई० सी०-12877), आर्टिलरी

51. कर्नल देविन्दर नाथ बढ़ेरा (डी० आर०-10090) सेना दंत-चिकित्सा कोर

52. कर्नल बलीत सिंह (आई० सी०-6817), इन्फैंट्री (सेवानिवृत्त)

53. कैप्टन इंद्रजीत बेदी (00327 टी)

54. सर्जन कैप्टन नारायण प्रसाद मुखर्जी (75065 ए)

55. ग्रुप कप्तान सैयद मोहम्मद ओजमा (5690) चिकित्सा

56. ग्रुप कैप्टन अविनाश चन्द्र गोयल (6503) उड़ान (पायलट)

सं० 27-प्रेज/86—राष्ट्रपति, निम्नांकित व्यक्तियों को उनक असाधारण विशिष्ट सेवा के उपलक्ष्य में "अति विशिष्ट सेवा मेडल का बार" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. मेजर जनरल रवीन्द्र गुप्ता (आई० सी०-5344), अ० वि० से० मे० सेना सेवा कोर (सेवानिवृत्त)

2. ब्रिगेडियर हरीश चन्द्र जोशी (आई० सी०-7637), अ० वि० से० मे०, इन्फैन्ट्री

सं० 28-प्रेज/86—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को उत्कृष्ट वीरता के लिए "कीर्ति चक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते है :—

1. श्री बुंदू खान, (मरणोपरांत)
यमुना विहार

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 31 मार्च, 1984)

31 मार्च, 1984 को दोपहर लगभग 12.30 बजे पांच सशस्त्र लुटेरे यमुना विहार, दिल्ली में श्री आई० सी० गोयल के मकान में घुसे। उन्होंने श्री गोयल, जो उस समय अपने घर पर ही थे, से सभी मूल्यवान वस्तुएं उन्हें सौंपने को कहा। श्री गोयल ने एक लुटेरे को दबोच लिया लेकिन दूसरे लुटेरे ने श्री गोयल की बड़ी निर्दयता से पिटाई की। श्री गोयल की लड़की की सहायता के लिए चिल्लाने की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग आ गए और उन्होंने लुटेरों का पीछा किया। इसी दौरान पुलिस मौके पर पहुंच गई और अपराधियों का पीछा किया।

उस क्षेत्र के एक निष्ठावान सामाजिक कार्यकर्ता श्री बुंदू खान भी उनके पीछे दौड़े। "डी" ब्लाक गोकल पुरी पहुंचने पर उनमें से एक अपराधी पीछे मुड़ा और उसने पीछे आ रहे लोगों और पुलिस को धमकी दी। उसकी धमकियों की परवाह न करके श्री बुंदू खान ने अपराधी मोहम्मद अहसन को पकड़ने के लिए आगे छलांग लगाई। अपराधी ने खतरा अनुभव करते हुए गोली चला दी जो श्री बुंदू खान के सिर में लगी और उसी दिन अस्पताल में श्री बुंदू खान की मृत्यु हो गई। सहायक उप निरीक्षक चन्द्र पाल सिंह ने अपराधी का पीछा किया और उसे पकड़ लिया। इस अपराधी से पूछताछ करने पर तीन और अपराधियों को गिरफ्तार करने में सहायता मिली।

इस प्रकार श्री बुंदू खान ने उत्कृष्ट साहस और उच्च कोटि की जन सेवा का परिचय दिया जिसके कारण कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया जा सका।

2. 152779 राइफलमैन गोपाल चन्द, (मरणोपरांत)
15 असम राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 2 दिसम्बर, 1984)

2 दिसम्बर, 1984 को राइफलमैन गोपाल चन्द उस विशेष गश्ती दल में सबसे प्रमुख थे जिसे एक सीमा चौकी के रास्ते में छिपे नागा विद्रोहियों का सफाया करने के लिए भेजा गया था। नागा विद्रोहियों ने सीमा चौकी क्षेत्र में दो सीधी चट्टानों पर किलेबंदी की हुई थी और लगभग 1100 गज की दूरी पर घात लगाए बैठे थे। विद्रोहियों ने रास्ते में सुरंग बिछाई हुई थी और वे सभी रास्तों पर स्वचालित हथियारों से लैस बैठे थे। ज्योंही राइफलमैन गोपाल चन्द घात वाले स्थान के पास पहुंचे, गश्ती दल पर गोलियों की बौछार शुरू हो गई। अपनी जान की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए राइफलमैन गोपाल चन्द ने विद्रोहियों पर धावा बोल दिया। यह कार्रवाई करते समय जब वे एक सुरंग पर रुके तो उसके फलस्वरूप इनकी दोनों टांगें बारूद से उड़ गईं। उनकी टांगों से काफी खून बह जाने पर भी बहादुर राइफलमैन गोपाल चन्द अपने आपको घसीटते रहे और विद्रोहियों को घात स्थान से नीचे न आने देने और अपने दल को खतरे से बचाने के लिए निरन्तर गोलीबारी करते रहे। वीरगति प्राप्त होने तक वे अपने शौर्य का प्रदर्शन करते रहे।

इस प्रकार राइफलमैन गोपाल चन्द ने उत्कृष्ट शौर्य, अदम्य साहस, अद्भुत दृढ़ संकल्प, अति असाधारण कोटि की कर्त्तव्य परायणता और सेना की उच्चतम परम्पराओं के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी।

3. मेजर जय बहुगुणा (आई०सी०-25182), (मरणोपरान्त)
सेना मेडल, वि०से०मे०, (इंजीनियर्स)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 7 अक्तूबर 1985)

मेजर जय बहुगुणा, सेना एवरेस्ट अभियान, 1985 के उपनेता थे। उन्हें प्रथम शिविर तथा द्वितीय शिविर के बीच का रास्ता ठीक करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी जिसे उन्होंने ½ दिन के रिकार्ड समय में रेखांकित कर दिया। बाद में उन्होंने रास्ता बनाना शुरू किया और 20 से 23 सितम्बर तक के तीन दिनों में तृतीय शिविर तथा चतुर्थ शिविर स्थापित कर दिया। इस प्रकार अभियान दल और तेजी से आगे बढ़ने लगा।

मेजर बहुगुणा द्वितीय पर्वतारोहण दल के नेता थे। इस दल ने 7 अक्तूबर, 1985 को माऊंट एवेरेस्ट पर चढ़ते समय प्रथम पर्वतारोहण दल को सहायता प्रदान करनी थी। दुर्भाग्यवश पैर फिसल जाने से 7 अक्तूबर, 1985 को मेजर किरण इन्द्र कुमार की मृत्यु हो गई जो दक्षिणी मार्ग का मार्ग निर्देशन कर रहे थे। उसके बाद वह काम भी मेजर बहुगुणा ने संभाला। 8, 9 और 10 अक्तूबर, 1985 को एवरेस्ट क्षेत्र के बहुत ही खराब मौसम में अपने बीमार साथियों और अन्य सदस्यों को दक्षिणी मार्ग से नीचे वापस लाने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं रहे। उन्होंने निचले शिविरों में वापस आने से इंकार कर

दिया और 11 अक्तूबर, 1985 को प्रतिकूल वातावरण में वीर-गति प्राप्त करने तक अपने बीमार रस्सी पकड़ने वाले साथियों के साथ वहीं ठहरे रहे ।

इस प्रकार मेजर जय बहुगुणा ने उत्कृष्ट वीरता, नेतृत्व और सौहार्द का प्रदर्शन करते हुए अपना प्राणोत्सर्ग कर दिया ।

4. 1258936 हवलदार इन्द्र बहादुर गुरुंग, आर्टिलरी

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 11 अक्तूबर 1985)

हवलदार इन्द्र बहादुर गुरुंग सेना एवरेस्ट अभियान 1985 के प्रमुख पर्वतारोहियों में थे । ये उन पर्वतारोहण दलों के सदस्य भी थे जो खराब मौसम में 28,700 फुट पर दक्षिण शिखर और 27,600 फुट पर शिखर कैम्प तक पहुंचे । 11 अक्तूबर, 1985 को इन्हें कैम्प से साउथ कौल तक रास्ता बनाने का काम सौंपा गया । खराब मौसम और बर्फानी तूफान के कारण चुनौतीपूर्ण, दुस्साध्य और विषम परिस्थितियों में ये अपने साथियों के पास पहुंचने में सफल हुए । इन्होंने शाम के समय साउथ कौल से लेफ्टिनेंट एम०यू०बी० राव को बचाने का प्रयास किया परन्तु इनके अथक प्रयासों के बावजूद लेफ्टिनेंट राव की मृत्यु हो गई ।

इस प्रकार हवलदार इन्द्र बहादुर गुरुंग ने उत्कृष्ट वीरता और उच्चकोटि के साहस का परिचय दिया ।

सं० 29-प्रेज/86—राष्ट्रपति, निम्नलिखित व्यक्तियों को वीरता के लिए "शौर्य चक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. श्री परम सिंह ठाकुर,
मध्य प्रदेश ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 3 जून 1982)

3 जून, 1982 को रात के लगभग 10.30 बजे मध्य प्रदेश में सागर जिले के कौठोरा गांव में श्री परम सिंह के मकान पर आठ सशस्त्र डाकुओं के गिरोह ने धावा बोल दिया । श्री परम सिंह उस समय घर में नहीं थे और जब इन्होंने अपने भाइयों और पड़ोसियों से डाके के बारे में सुना तो ये मकान की ओर तेजी से दौड़े । ये क्या देखते हैं कि एक डाकू घर के सामने खड़ा है और सबको भयभीत किए हुए है । डाकू द्वारा चेतावनी देने पर भी ये उस पर केवल लाठी से ही टूट पड़े । डाकू ने इन पर गोली दागी । लेकिन श्री परम सिंह एकदम नीचे बैठ गए और फिर आगे बढ़े तथा अपने आदमियों को डाकुओं का पीछा करने के लिए कहा । इस साहसिक चुनौती से डाकुओं के हौंसले पस्त हो गए और उन्होंने घर से निकल कर भागना शुरू कर दिया । गांव वालों ने श्री परम सिंह के नेतृत्व में उनका पीछा किया ।

उनमें से एक डाकू ने श्री परम सिंह पर दुबारा गोली चला दी । इनके घुटने में एक गोली लगी जिसके कारण काफी खून बहना शुरू हो गया और इनके लिए चलना-फिरना कठिन हो गया । इससे पहले कि डाकू फिर से गोली चला सके, इन्होंने डाकू के सिर में तेजी से लाठी मारी और इसके साथ ही दूसरे डाकू के सिर में भी लाठी मारी जो कि एक बैटरी थामे हुए था । इसके बाद वहां अंधेरा हो गया । श्री परम सिंह ने लाठी की जबरदस्त चोट मारकर एक अन्य डाकू को भी निहत्था कर दिया । इससे डाकुओं का मनोबल पूरी तरह टूट गया और वे बचकर भाग निकले । एक घायल डाकू को पकड़ लिया गया और उससे एक बंदूक और कारतूसों की पेटी बरामद हुई । लेकिन बाद में उस डाकू की मृत्यु हो गई ।

इस प्रकार श्री परम सिंह ने अपने जीवन के खतरे से बेखबर होकर आठ सशस्त्र डाकुओं का सामना करने में असाधारण सूझ-बूझ, साहस और वीरता का परिचय दिया ।

2. जी/108767 एक्सकवेटिंग मशीनरी ऑपरेटर जालम

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 19 फरवरी 1984)

फरवरी, 1984 में कश्मीर में पिछले दो दशकों का सबसे भारी हिमपात हुआ था और जम्मू-कश्मीर राजमार्ग पर 8 से 10 फुट बर्फ जम गई थी जिसके परिणामस्वरूप 19 फरवरी, 1984 को कश्मीर घाटी का संपर्क शेष भारत से पूरी तरह कट गया था । ऑपरेटर जालम सिंह को श्री सतेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में बर्फ हटाने की दो रोल्वा मशीनों के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग से बर्फ हटाने का काम सौंपा गया । 19 फरवरी, 1984 को साढ़े ग्यारह बजे जब ये बर्फ हटा रहे थे तब बर्फ हटाने वाली दो मशीनें भारी हिमस्खलन के नीचे दब गईं । श्री जालम सिंह ने हिम्मत बटोरी तथा छाती तक ऊंची बर्फ में से चल कर उस जगह तक पहुंच गए, जहां रोल्वा मशीनें दबी पड़ी थीं और अपने इंचार्ज और अन्य दो प्रचालकों को बर्फ से निकाला । बची हुई एक-मात्र मशीन से इन्होंने बर्फ हटाने का काम जारी रखा । इस कार्य में इन्हें कई सक्रिय हिम-स्खलनों, खराब मौसम, 90 से 100 कि०मी० प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाले तेज बर्फीले अंधड़ों और शून्य से 9 डिग्री से नीचे तापमान का सामना करना पड़ा और अन्त में 23 जनवरी, 1984 को इन्होंने दक्षिण जवाहर सुरंग तक की सड़क को यातायात के लिए खोलने में कामयाबी हासिल की ।

इस प्रकार श्री जालम सिंह ने बहुत ही खराब मौसम में साहस और उच्चकोटि की कर्तव्य परायणता का परिचय दिया ।

3. फ्लाइट लेफ्टिनेंट सतीश पुरुषोत्तम अपराजित (14069), एकाउन्ट्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 28 फरवरी 1984)

फ्लाइट लेफ्टिनेंट सतीश पुरुषोत्तम अपराजित सफल ट्रांस हिमालय मोटर अभियान के सदस्य थे । यह अभियान बर्फीले, निर्जन स्थानों, ऊंचे पर्वतों की तंग घाटियों और 15 से अधिक पहाड़ी दर्रों को पार करते हुए पूरा हुआ जिसमें इस दल को शून्य से भी कम तापमान वाले क्षेत्र में चट्टानों से टकराती हुई तेज बर्फीली हवाओं और तूफानों का सामना करना पड़ा । 28 फरवरी, 1984 को इस अभियान दल की एक गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई और 1000 मीटर से अधिक ऊंची चट्टान से नीचे गिर गई । फ्लाइट लेफ्टिनेंट अपराजित हताहतों की तलाश करने के लिए उस खड़ी चट्टान से रस्से के सहारे नीचे उतरे, जहां तंग घाटी सघन झाड़-झंखाड़ से ढकी हुई थी । ये वहां से एक ऐसे सदस्य को ढूंढ निकालने में सफल हुए जिसे बहुत चोटें आई हुई थीं । अपने मुंह से घायल के मुंह में श्वास देने की कृत्रिम श्वास प्रक्रिया के बाद उसे तुरन्त चिकित्सा सहायता देने के लिए ये एक डाक्टर को लाए और फिर उस घायल को काफी दूर तक अपनी पीठ पर लाद कर ले गए । जब ये आखिरी खड़ी चट्टान पर चढ़ रहे थे तभी रस्सा हाथ से छूट गया और ये 100 फुट से अधिक नीचे की ओर फिसल गए किन्तु बाल-बाल बच गए । लेकिन इन्होंने बड़ी दृढ़ता से उस घायल को पकड़े रखा और उसे सुरक्षित सड़क तक पहुंचाने में सफल हुए ।

इस प्रकार फ्लाइट लेफ्टिनेंट सतीश पुरुषोत्तम अपराजित ने अदम्य साहस, दलनिष्ठा और निस्वार्थ सेवा-भाव का परिचय दिया ।

4. 40444969 कम्पनी हवलदार मेजर प्रताप सिंह,
गढ़वाल राइफल्स ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 8 मार्च, 1984)

8 मार्च, 1984 को मिजो राष्ट्रीय मोर्चे के विद्रोही घुसपैठियों को बंगला देश से मिजोरम दाखिल होने से रोकने के लिए कार्रवाई की गई । विशेष गश्ती दल के कम्पनी हवलदार मेजर प्रताप सिंह को उनकी तलाश करने और उनके इरादों को नाकाम करने का काम सौंपा गया था । उन्होंने दृढ़ निश्चय होकर घने जंगलों वाले पहाड़ी इलाके को छान मारा । इन्होंने विद्रोहियों का पता लगाने के लिए बड़े दुर्गम इलाके में सात दिन तक गश्ती दल का नेतृत्व किया और इसके पश्चात् एक ऐसी जगह चुनी जहां से घात लगाकर उन पर अचानक भरपूर वार किया जा सकता था । 19 मार्च, 1984 को इनकी मेहनत तब रंग लाई जब तीन मिजो विद्रोही उस जगह दाखिल हुए । जब उन्हें ललकारा गया तो आगे चलने वाले विद्रोही ने अपनी अर्द-स्वचालित

राइफल से कम्पनी हवलदार मेजर प्रताप सिंह पर गोली चलाई, लेकिन वे बिल्कुल घबराए नहीं और दल को फायर करने का संकेत दिया। इन्होंने अपनी मशीन कार्बाइन से गोली चलाकर विद्रोही दल के नेता को मार गिराया। इससे प्रेरित होकर उनके साथी दल के सिपाहियों ने दो और विद्रोहियों का पीछा किया और एक मुठभेड़ में दोनों को मार गिराया। इस कार्रवाई के दौरान एक अर्ध-स्वचालित राइफल, एक पिस्तौल, एक हथगोला और 75 गोलियां बरामद हुए।

इस प्रकार हवलदार मेजर प्रताप सिंह ने उत्कृष्ट वीरता, व्यावसायिक दक्षता और उच्चकोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

5. जी/85328 एक्सकेवेटिंग मशीनरी आपरेटर गोविंद राम

(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 8 मार्च, 1984)

एक्सकेवेटिंग मशीनरी आपरेटर गोविन्द राम को उनके डोजर के साथ जम्मू और कश्मीर में "गूल" से "मोहर" तक पहाड़ काटकर सड़क बनाने के काम पर लगाया गया था। 8 मार्च, 1984 को सायं 4.30 बजे दिनभर की कड़ी मेहनत के बाद जब वह अपने डोजर को सुरक्षित स्थान पर ले जा रहे थे तो उन्होंने पहाड़ के ऊपरी भाग से अचानक भू-स्खलन होते देखा। अपनी जान की परवाह न करते हुए वे अपने डोजर को घाटी में लुढ़कने से बचाने के लिए चलाते रहे लेकिन इस दौरान वे ऊपर से गिरते मलबे के नीचे दब गए और उनका निधन हो गया।

इस प्रकार श्री गोविन्द राम ने उत्कृष्ट कार्य कौशल, साहस, दृढ़ता और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

6. कुमारी सविता गोयल,
यमुना विहार,
दिल्ली।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 31 मार्च, 1984)

31 मार्च, 1984 को लगभग दोपहर 12.30 बजे पांच सशस्त्र लुटेरे यमुना विहार, दिल्ली में श्री आर० सी० गोयल के मकान में आ घुसे। उनमें से दो के पास गोलियों से भरी हुई देसी पिस्तौलें थी और बाकी तीन चाकू लिए हुए थे। उन्होंने श्री गोयल से, जो उस समय अपनी बैठक में ही थे, सभी कीमती सामान उन्हें सौंप देने के लिए कहा। श्री गोयल ने एक लुटेरे को दबोच लिया लेकिन अन्य लुटेरों ने श्री गोयल को निर्दयता से पीटना शुरू कर दिया। यह देखकर श्री गोयल की चौदह वर्षीय पुत्री कुमारी सविता रसोईघर से भाग कर आई और एक लुटेरे को पकड़ लिया। लुटेरे ने इन्हें चाकू से डराया लेकिन इन्होंने उसे नहीं छोड़ा। इसी समय एक लुटेरे ने श्री गोयल पर गोली चला दी जिससे श्री गोयल गंभीर रूप से घायल हो गए और कुमारी सविता को भी चोटें आईं। तब पांचों लुटेरे घर से बाहर आ गए और विभिन्न दिशाओं में भागने लगे। इसी तरह घायल होने पर भी कुमारी सविता ने उनका कुछ दूर तक पीछा किया और मदद के लिए जोर-जोर से चिल्लाई। यह सुनकर लोग इकट्ठे हो गए और उन्होंने लुटेरों का पीछा किया। इसी दौरान पुलिस भी आ गई और लुटेरों का पीछा करके उनमें से एक को पकड़ लिया।

इस प्रकार कुमारी सविता गोयल ने सशस्त्र डाकुओं से मुठभेड़ में अनुकरणीय साहस और वीरता का परिचय दिया।

7. 7115305 नायक राम कुमार मिश्र, ई० एम० ई०

(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 7 अप्रैल, 1984)

गाड़ी मैकेनिक नायक राम कुमार मिश्र अपने घर गांव खुसरूपत्ती, जिला मेरेपुर (सहरसा), बिहार में सालाना छुट्टी पर थे। इस दौरान 7 अप्रैल, 1984 की रात को कुछ डाकुओं ने उनके गांव पर हमला किया। नायक राम कुमार के पास कोई हथियार नहीं था, फिर भी, अपनी जान की परवाह किए बिना वे तुरन्त अपने पड़ोसी सालिग्राम झा को बचाने के लिए दौड़े। उन्होंने दो डाकुओं को दबोच लिया और उन्हें नीचे गिरा दिया। जब दो डाकुओं को अन्य डाकू उनकी गिरफ्त से न छुड़ा सके तो एक ने उन पर गोली चला दी जिससे नायक राम कुमार मिश्र की मृत्यु हो गई।

इस प्रकार नायक राम कुमार मिश्र ने उत्कृष्ट वीरता और उच्च-कोटि की नागरिक भावना का परिचय दिया।

8. जी/8769 एम० ड्राइवर मैकेनिकल इक्विपमेंट ठाकुर दास

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 10 अप्रैल, 1984)

166 फार्मेशन कटिंग प्लाटून के ड्राइवर मैकेनिकल इक्विपमेंट ठाकुर दास को पहाड़ काट कर केलांग दारचा सड़क को चौड़ा करने का काम सौंपा गया था। यह सड़क कठोर चट्टानी इलाके से होकर गुजरती है जिसमें बहुत जगहों पर सीधी ढलान है इसलिए इस पर बहुत ऊंचाई से सीधी कटान करने की जरूरत थी। 10 अप्रैल, 1984 को अपना काम करते हुए श्री ठाकुर दास भू-स्खलन में फंस गए और अपनी मशीन के साथ मलबे के नीचे दब गए। ऐसी विकट स्थिति में श्री ठाकुर दास ने अपनी गंभीर चोटों के बावजूद अपनी सूझ-बूझ नहीं खोई और धैर्य, साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए डोजर को चलाकर किसी तरह उसे वहां से दूर सुरक्षित स्थान पर निकाल लाने में सफल हुए। ऐसा करते हुए इन्हें दोनों टांगों और बांये हाथ पर गहरी चोटें आईं और इनके अन्य अंगों ने भी काम करना बंद कर दिया।

इस प्रकार ड्राइवर मैकेनिकल इक्विपमेंट ठाकुर दास ने साहस, व्यावसायिक कुशलता और उच्चकोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

9. जे०सी०-10015 सूबेदार मोहन सिंह,
तोपखाना

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 14 मई 1984)

सूबेदार मोहन सिंह गोरखा रिज की रक्षा चौकी पर तोपखाना आपरेटर की ड्यूटी पर तैनात किए गए थे। 14 मई, 1984 को उनकी यूनिट के नायक राम सिंह पैर फिसलने की वजह से सुरंग बिछे क्षेत्र में गिर पड़े जहां सुरंग से उनकी दाहिनी टांग कट गई। नायक राम सिंह सुरंग बिछे क्षेत्र में पड़े हुए थे और उनके घाव से बड़ी तेजी से खून बह रहा था। कोई भी उस खतरनाक सुरंग बिछे क्षेत्र में जाने के लिए तैयार नहीं था। सूबेदार मोहन सिंह स्वेच्छा से आगे बढ़े और इन्होंने तीन अन्य रैंकों को भी अपने साथ चलने के लिए तैयार किया। अपने दल को बाहर छोड़कर वे बड़ी बहादुरी के साथ सुरंग बिछे क्षेत्र में घुस गए और नायक राम सिंह को उठाकर सुरंग से बाहर एक चट्टान पर ले आए। बाद में नायक राम सिंह का दाहिना पैर काट दिया गया लेकिन उनकी जान बचा ली गई।

इस प्रकार सूबेदार मोहन सिंह ने अपनी जान की परवाह किए बगैर अपने साथी को बचाने के लिए स्वैच्छा से कार्य करने में साहस, पहलशक्ति तथा निर्भीकता का प्रदर्शन किया।

10. जे०सी०-74856 सूबेदार नायब सिंह महल, पंजाब

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 6 जून, 1984)

सूबेदार नायब सिंह महल, बर्मा के साथ अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर निगरानी कर रहे गश्ती दल के प्रभारी अधिकारी थे। 6 जून, 1984 को इनके गश्ती दल ने एक विद्रोही नागा को एक "नाले" में कपड़े धोते हुए देखा और उसे पकड़ लिया। इसके तत्काल बाद इन्हें विद्रोहियों की भारी गोलाबारी का सामना करना पड़ा। कुशल प्रहार शक्ति का प्रदर्शन करते हुए इन्होंने जवाबी हमला कर विद्रोहियों का शिविर नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई में छः नागा विद्रोही मारे गए और एक विद्रोही को बंदी बना लिया गया जिसके पास 2 एम-21 (चीनी) राइफलें, 61-एम 21 कारतूस और काफी आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए। प्राप्त दस्तावेजों से नागालैंड की नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल के गठन के बारे में सूचना मिली जो अनुवर्ती कार्रवाई करने में सहायक सिद्ध हुई।

इस प्रकार सूबेदार नायब सिंह महल ने साहस सूझ बूझ, नेतृत्व और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

11. 4170264 लांस नायक रणजीत सिंह, (मरणोपरांत) कुमाऊं

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 6 जून, 1984)

6 जून, 1984 को कुमाऊं रेजिमेंट के लांस नायक रणजीत सिंह को एक धार्मिक स्थान से आतंकवादियों को निकाल देने का आदेश दिया गया। इस इमारत की मजबूत किलेबंदी की गई थी और आतंकवादियों के आत्मघाती दस्तों के कब्जे में थी। आतंकवादियों ने आगे बढ़ती कम्पनी पर मंझली और हल्की मशीनगनों से जोरदार फायर किया जिससे कई हताहत हुए। लांस नायक रणजीत सिंह ने देखा कि इमारत की बांई ओर दीवार की मेंडर से एक हल्की मशीनगन से फायर हो रहा था जिससे उनकी सेना टुकड़ी का आगे बढ़ना मुश्किल हो गया था। ऐसी स्थिति में लांस नायक रणजीत सिंह ने अदम्य साहस दिखाकर उस मशीनगन पर तुरन्त हमला करते हुए आतंकवादी तोपचियों को उसी स्थान पर मार गिराया। लेकिन इस दौरान उन्हें उस मशीनगन की गोली लगी। फिर भी कम्पनी बिना किसी नुकसान के आगे बढ़ती गई। कार्रवाई पूरी होने के बाद इस बहादुर सैनिक का शव दो आतंकवादी तोपचियों की लाशों के बीच पड़ा पाया गया।

इस प्रकार लांस नायक रणजीत सिंह ने उत्कृष्ट वीरता, अदम्य साहस, उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया और सेना की उच्चतम परम्पराओं के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी।

12. 4064837 राइफलमैन देवेन्द्र प्रसाद, (मरणोपरांत) गढ़वाल राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 7 जून, 1984)

6/7 जून, 1984 की रात को आठ अन्य रैंकों का एक गश्ती दल जब कुछ ज्ञात आतंकवादियों के घरों की तलाशी ले रहा था तो तेज निशानेबाज राइफलमैन देवेन्द्र प्रसाद दल के स्काउट के रूप में तैनात थे। घरों की तलाशी लेने की प्रक्रिया के दौरान वे अपनी जान की परवाह किए बिना आतंकवादियों के छुपने के संदिग्ध स्थानों को ढूंढ निकालने में सबसे आगे रहे और एक बार जब एक मकान की छत से गश्ती दल पर स्वचालित हथियारों से फायर किया गया तो राइफलमैन देवेन्द्र प्रसाद ने आतंकवादियों के जोरदार फायर के बीच उस मकान के मुख्य दरवाजे की ओर दौड़कर इस इरादे से उसे तोड़ कर खोलना चाहा कि छत पर पहुंच कर आतंकवादियों को पकड़ लिया जाए। लेकिन इस बीच साथ वाली छत की दीवार के पीछे छिपे एक आतंकवादी ने राइफलमैन देवेन्द्र प्रसाद को पीठ पर गोली मार दी और उनकी तत्काल मृत्यु हो गई।

इस प्रकार राइफलमैन देवेन्द्र प्रसाद ने उत्कृष्ट साहस, बहादुरी और अति असाधारण कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

13. कैप्टन यदविन्दर सिंह महिवाल (आई०सी०-38363), डोगरा रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 9 जून, 1984)

9 जून, 1984 को जब कैप्टन यदविन्दर सिंह महिवाल, 12 डोगरा रेजिमेंट की राइफल कम्पनी का नेतृत्व कर रहे थे तो इन्हें सूचना मिली कि इनकी निगरानी क्षेत्र के एक गांव में उग्रवादी छिपे हुए हैं। ये तत्काल एक टोह दल लेकर उस गांव में संदिग्ध उग्रवादी जगजीत सिंह के मकान के पास पहुंचे तो देखा कि दो सशस्त्र आदमी खिड़की की दहलीज पर लड़ने के लिए तैयार बैठे हैं। अदम्य साहस दिखाते हुए ये मकान में घुसे और अचानक तेजी से जगजीत सिंह पर झपट कर उससे हथियार छीन लिया। दूसरा उग्रवादी खिड़की से बाहर कूद गया और भाग निकला। अपने जीवन की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए इन्होंने तत्काल उग्रवादी का पीछा किया। इससे पहले कि उग्रवादी गोली चला पाए इन्होंने उसे पकड़ लिया। इस कार्रवाई में एक चीनी सेल्फ लोडिंग राइफल, एक 7.62 एम०एम० सेल्फ लोडिंग राइफल, 7.62 एम०एम० की 340 गोलियां, .38 पिस्तौल की तीन गोलियां और .22 पिस्तौल की 22 गोलियां बरामद की गईं।

इस प्रकार कैप्टन यदविन्दर सिंह महिवाल ने वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

14. कर्नल रणजीत सिंह मावी (आई०सी०-12603), इन्फैन्ट्री

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 11 जून, 1984)

11 जून, 1984 को माउंटेन डिवीजन के प्रभारी कर्नल, कर्नल रणजीत सिंह मावी को इनके जनरल अफसर कमांडिंग ने पंजाब की घटनाओं के बाद एक यूनिट में जाकर उसमें काम कर रहे जवानों के हौंसले को जानकारी प्राप्त करने को कहा। संबंधित यूनिट में कुछ समय बिताने के बाद कर्नल मावी जब रात को स्वयं गाड़ी चला कर वापिस आ रहे थे तो इन्होंने गोलियां चलाने की आवाज सुनी। इन्होंने तुरन्त अपनी गाड़ी यूनिट लाइन की ओर मोड़ी और वहां पहुंचने पर देखा कि सैनिकों ने दरवाजे तोड़ दिए हैं और अपने आपको हथियारों से लैस कर लिया है। जब इन्हें कोई यूनिट अफसर नहीं मिला तो यह स्थिति को संभालने के लिए स्वयं आगे आए। अपने जीवन की परवाह न करते हुए ये तनिक भी विचलित नहीं हुए और गुमराह सैनिकों की गोलाबारी का सामना करते हुए कम्पनी लाइन से दूसरी लाइन तथा फिर यूनिट मैगजीन तक पहुंचे। इसप्रकार असाधारण नेतृत्व का परिचय देते हुए इन्होंने वहां के सैनिकों को अपने काबू में ले लिया और अगले दिन 0700 बजे तक सभी सैनिकों से हथियार डलवा दिए।

इस प्रकार कर्नल रणजीत सिंह मावी ने उत्कृष्ट वीरता, अनुकरणीय नेतृत्व और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

15. कैप्टन अरविंद कुमार सिन्हा (आई०सी०-40410), गढ़वाल राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 12 जून, 1984)

मणिपुर के कशाय क्षेत्र में कमांडर, कैप्टन अरविंद कुमार सिन्हा को विद्रोहियों के भूमिगत छिपने के स्थान का पता लगाने और उन्हें पकड़ने का काम सौंपा गया था। इन्होंने अत्यंत सावधानी से कार्रवाई की योजना बनाई और 12 जून, 1984 को 0800 बजे गश्ती दल के साथ अपने निर्धारित कार्य पर रवाना हो गए। ऊबड़-खाबड़ जंगली रास्ते से होता हुआ बिना किसी की पहचान में आए गश्ती दल 0900 बजे कशाय विखर गांव के पास पहुंचा लेकिन जब वह दल गांव के दूसरे मकान के पास पहुंचा तो तीसरे मकान के सामने बंधे कुत्ते ने जोर-जोर से भौंकना शुरु कर दिया। कैप्टन सिन्हा को संदेह हुआ और ये दरवाजे की तरफ दौड़े और इन्होंने मकई के खेतों में से दो आदमियों को निकल कर भागते हुए देखा। अपने आदमियों को पीछा करने का आदेश देते हुए ये उनके पीछे दौड़े।

काफी पीछा करने के बाद एक विद्रोही एक कांटेदार झाड़ी से उलझ गया और कैप्टन सिन्हा उन पर झपट पड़े लेकिन उसी समय इनकी गारबाइन झाड़ी में उलझ कर नीचे गिर गई। इसके बाद आपस में हाथापाई शुरु हो गई और विद्रोही ने एक बार इन्हें गिरा दिया और इनके सिर में गोली दाग दी। सौभाग्यवश पिस्तौल में कोई गोली नहीं थी। निराश होकर विद्रोही ने इनके सिर में पिस्तौल का घोड़ा मारना शुरु कर दिया जिससे इनके चेहरे पर खून फैल गया। घावों की परवाह न करते हुए कैप्टन सिन्हा ने हार नहीं मानी और अन्ततः विद्रोही पर काबू पा लिया लेकिन विद्रोही बच निकलने में कामयाब हो गया और पास के जंगल में छुप गया। कैप्टन सिन्हा ने उसको टांगों में गोली मार कर उसे गिरा दिया। पूछताछ के दौरान विद्रोही ने बताया कि वह जुलाई 1983 में जेल से भागा था और उसका गिरोह कशाय क्षेत्र में सेना कॉन्वॉय पर घात लगाने वाला था। उससे

एक एम० 22 सब मशीनगन, एक एम 20 पिस्तौल, राकेट डेटोनेटर, हथगोले और काफी मात्रा में गोली-बारूद बरामद किया गया।

इस प्रकार कैप्टन अरविंद कुमार मिश्रा ने उत्कृष्ट शौर्य, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

16. 4169678 लांस नायक चंचल सिंह, कुमाऊं (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 23 जून, 1984)

23 जून, 1984 को लांस नायक चंचल सिंह काफी ऊंचाई पर स्थित एक प्रेषण चौकी में जब एक बहुत ही मुश्किल काम पूरा करने में लगे हुए थे तो विद्रोहियों ने उन पर गोलियां चलाईं। जख्मी होने के बावजूद और जान की परवाह किए बिना लांस नायक चंचल सिंह अपने काम को पूरा करने में जुटे रहे लेकिन इस बीच जख्मी होने के कारण उनका प्राणान्त हो गया।

इस प्रकार लांस नायक चंचल सिंह ने अनुकरणीय साहस, दृढ़ता और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

17. 4168803 सवैनिक कार्यकारी नायक राम मेहर सिंह, कुमाऊं

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 5 जुलाई, 1984)

सवैनिक कार्यकारी नायक राम मेहर सिंह को कुछ अग्रवर्ती चौकियों के साथ तार-संचार व्यवस्था बनाए रखने के लिए उत्तरी-सैक्टर के अग्रवर्ती इलाकों में तैनात किया गया था। इन्हें 5 जुलाई, 1984 को एक अग्रवर्ती चौकी के साथ संपर्क बनाए रखने के लिए कई बार टेलीफोन लाइन ठीक करनी पड़ रही थी क्योंकि विद्रोही गोलाबारी करके उसे बार-बार नुकसान पहुंचा रहे थे। ऐसा करते हुए एक बार मशीनगन की बौछार इन पर लगी जिससे ये बुरी तरह जख्मी हो गए। अपनी जान की परवाह किए बिना और जख्मी होने के बावजूद इन्होंने उस टेलीफोन लाईन को फिर से चालू कर बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य पूरा कर दिखाया।

इस प्रकार नायक राम मेहर सिंह ने अनुकरणीय साहस, दृढ़ता और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

18. सैकिण्ड लेफ्टिनेंट शैलेश कुमार (आई०सी०—40855), बिहार (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 10 जुलाई, 1984)

10 जुलाई, 1984 को अमृतसर जिले के एक गांव में उग्रवादियों का पता लगाने के लिए सैकिण्ड लेफ्टिनेंट शैलेश कुमार को 10 अन्य रैंकों के साथ कैप्टन रवि दत्त की सहायता के लिए भेजा गया। अपनी टुकड़ी के साथ वे दस मिनट में ही गांव में जा पहुंचे और एक मकान की छत पर चढ़ गए। छत पर पहुंचने के बाद उन पर सरपंच जत्थेदार मोहन सिंह के मकान से जोरदार गोलाबारी होने लगी और सैकिण्ड लेफ्टिनेंट शैलेश कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गए। अपने घावों की लेशमात्र भी चिन्ता न करते हुए वे छत की मुंडेर पर चढ़ गए और जत्थेदार मोहन सिंह पर स्टेनगन से गोलियां चलाईं और इस बात का ख्याल रखते हुए कि बेकसूर लोग न मारे जाएं, वे उग्रवादियों पर विभिन्न दिशाओं से गोली चलाने का निर्देश देते रहे। नियंत्रित गोलीबारी का नेतृत्व करते हुए वे वीरगति को प्राप्त हो गए।

इस प्रकार सैकिण्ड लेफ्टिनेंट शैलेश कुमार ने उत्कृष्ट साहस, नेतृत्व और उच्चकोटि की कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

19 कैप्टन प्रभज्योत सिंह शानी (आई सी—39361), डोगरा रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 12 जुलाई, 1984)

कैप्टन प्रभज्योत सिंह शानी की कम्पनी अन्तरराष्ट्रीय सीमा के बिल्कुल पास तैनात थी और उसे ग्रामीण इलाकों से उग्रवादियों को खदेड़ने का काम सौंपा गया था। 12 जुलाई, 1984 को कैप्टन प्रभज्योत सिंह को सूचना मिली कि एक कुख्यात तस्कर और उग्रवादी लखविंदर सिंह रोडे गांव में एक बारात में आ रहा है। ये उसे पकड़ने के लिए तत्काल एक गश्ती दल लेकर चल पड़े। इन्हें देखकर लखा सिंह खेतों में बच निकला। यह पूरी तरह जानते हुए भी कि लखा सिंह एक कट्टर अपराधी और अस्त्रों से लैस है, कैप्टन प्रभज्योत सिंह शानी उसके पीछे दौड़े। ये तेजी से दौड़े और अच्छी युद्ध कला का परिचय देते हुए उस पर झपट पड़े और उससे हथियार छीनकर उसे पकड़ लिया।

इस प्रकार कैप्टन प्रभज्योत सिंह शानी ने अपने जीवन को खतरे में डालकर उग्रवादी को पकड़ने में अदम्य साहस और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

20. जे सी—76942 सूबेदार मेजर लाल बहादुर छेत्री, 8 गोरखा राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 4 अगस्त, 1984)

4 अगस्त, 1984 को सूबेदार मेजर लाल बहादुर छेत्री को उत्तरी सैक्टर के अग्रवर्ती क्षेत्र में एक बहुत ही मुश्किल काम सौंपा गया था। प्रतिकूल परिस्थितियां होने और विद्रोहियों द्वारा गोलाबारी के बावजूद इन्होंने गश्ती दल का नेतृत्व करते हुए और अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना, दुश्मन के मोर्चे के बहुत पास जाकर मुश्किल काम को पूरा कर दिखाया।

इस प्रकार सूबेदार मेजर लाल बहादुर छेत्री ने उत्कृष्ट साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

21. कैप्टन जसवंत प्रताप सिंह जदेजा (एस एस—30575), आर्मी आर्डनेंस कोर

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि: 13 अगस्त, 1984)

13 अगस्त, 1984 को कैप्टन जसवंत प्रताप सिंह जदेजा अपने मूल निवास स्थान मोरबी से दिल्ली आ रहे थे। जब ये वांकनेर रेलवे स्टेशन पर गाड़ी की प्रतीक्षा कर रहे थे तो इन्होंने दो व्यक्तियों को वांकनेर रेलवे स्टेशन पुलिस चौकी के सिपाही पर तलवार और लाठी से हमला करते हुए देखा। ये उस सिपाही के शरीर से काफी खून बहता देखकर उसे हमलावरों से बचाने के लिए दौड़े। इन्होंने तलवार सहित एक व्यक्ति को पकड़ लिया और उससे हथियार छीनने की कोशिश की। इसी बीच दूसरे अपराधी ने इन पर लाठी से प्रहार किया। जब इन्होंने एक हाथ से लाठी पकड़ने की कोशिश की तो तलवारधारी व्यक्ति इनकी पकड़ से छूट गया और भाग निकला। इन्होंने उसका पीछा किया और जब ये उस अपराधी को पकड़ने ही वाले थे तो वह वापस मुड़ गया और तलवार घुमानी शुरू कर दी। कैप्टन जदेजा उस अपराधी की तलवार छीनने में सफल हो गए और लोगों की मदद से अपराधी को पकड़ लिया। हाथापाई में तलवार से इनकी बाईं कनपटी में चोटें आईं और बाएं हाथ की उंगलियों में गहरे घाव हो गए। बाद में अपराधी पकड़ा गया।

इस प्रकार कैप्टन जसवंत प्रताप सिंह जदेजा ने अपने जीवन को संकट में डाल कर एक सिपाही का जीवन बचाने और एक कुख्यात अपराधी को पकड़ने में अनुकरणीय साहस का परिचय दिया।

22. 1543318 लांस नायक पूरन सिंह, (मरणोपरांत) इंजीनियर्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 22 अगस्त, 1984)

22 अगस्त, 1984 को लांस नायक पूरन सिंह, बैरागढ़ (भोपाल) में स्थित रेजिमेंट के लांस नायक बलविन्दर सिंह के घर कुछ दस्तावेज देने गया। वहां पहुंचने पर उन्होंने देखा कि लांस नायक बलविन्दर सिंह के घर आग लगी हुई है और उनकी पत्नी अपने बच्चों की जान बचाने के वास्ते मदद के लिए चिल्ला रही है। लांस नायक पूरन सिंह अपनी जान की परवाह किए बिना घर के अंदर गए और चारों ओर आग

की लपटें होने के बावजूद दो बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लाए। बाहर आने के बाद उन्हें पता लगा कि साढ़े पांच साल का तीसरा बच्चा अभी अंदर ही है। इस समय तक मकान पूरी तरह आग में घिर चुका था। ऐसी विकट स्थिति में जान जोखिम में डालकर वे दुबारा अंदर गए और बच्चे को उठाकर उसे आग की लपटों के बीच से निकालते हुए बाहर ले आए। लेकिन दुर्भाग्यवश लांस नायक पूरन सिंह के कपड़ों ने आग पकड़ ली थी और वह बुरी तरह जल चुके थे। फिर भी, उन्होंने अदम्य साहस और प्रबल इच्छा शक्ति का परिचय देते हुए बच्चे को अपनी बाहों में उठाकर सैनिक अस्पताल की ओर दौड़ पड़े और अस्पताल में जाकर उन्होंने दम तोड़ दिया।

इस प्रकार लांस नायक पूरन सिंह ने उत्कृष्ट साहस, वीरता और असाधारण निस्वार्थ सेवा-भावना का परिचय देते हुए अपने जीवन का बलिदान दे दिया।

23. कैप्टन बहादुर सिंह बिष्ट (आई०सी०-36840), गोरखा राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 3 सितम्बर, 1984)

3 सितम्बर, 1984 को लगभग 2300 बजे कैप्टन बहादुर सिंह बिष्ट को विश्वसनीय सूचना मिली कि एक कट्टर विद्रोही, नागालैंड की नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल के स्वयंभू कारपोरल जोसेफ असल, 4 सितम्बर, 1984 को सुबह शेरो गांव के पास मणिपुर नदी पार करने वाले हैं। कैप्टन बिष्ट ने उस स्थान पर, जहां से नदी पार की जा सकती थी, घात लगा कर मार करने वाली दो टुकड़ियों को वहां तैनात करने का फैसला किया। जहां से विद्रोही के आने की संभावना अधिक थी उस स्थान पर इन्होंने स्वयं निगरानी रखी। 4 सितम्बर, 1984 को जब 0445 बजे स्वयंभू कारपोरल जोसेफ असल निर्दिष्ट स्थान पर आया तो कैप्टन बिष्ट ने तत्काल उसे ललकारा। विद्रोही ने अपनी पिस्तौल निकाल ली और कैप्टन बिष्ट पर तीन गोलियां दाग दीं तथा भागने की कोशिश की। बड़ी निर्भीकता से कैप्टन बिष्ट ने उसका पीछा किया और हवलदार यम बहादुर वाल्मीत की सहायता से विद्रोही को झपट कर पकड़ लिया। उससे एक एम-20 चीनी पिस्तौल और 2 मैगजीन बरामद हुई।

इस प्रकार कैप्टन बहादुर सिंह बिष्ट ने अनुकरणीय साहस, नेतृत्व और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

24. फ्लाइट कैडेट मोहिन्दर जीत सिंह बैंस (172220), प्रशिक्षणाधीन, फ्लाइंग पायलट (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 8 सितम्बर, 1984)

